चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....
दिनांक ..10.10.2019.. पृष्ठ सं. ....18.... कॉलम ....5-7....

# एचएयू के ऑर्गेनिक फार्म में तैयार हुआ भुट्टा 12 रुपये में बिक रहा

जागरण संवाददाता, हिसार : ऑर्गेनिक केला उगाने के बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अब ऑर्गेनिक मक्का लोगों के लिए लेकर बाजार में उतरा है। खास बात है कि मक्का को उत्पन्न करने के लिए एचएयू के वैज्ञानिकों ने किसी भी प्रकार के रासायनिक दवाएं या खाद का इस्तेमाल नहीं किया है। बल्कि पारंपरिक जैविक विधियों से मक्का की खेती शुरू कीए जिसका फल अब मिल रहा है।

विवि ने मक्का की स्वीट कॉर्न 75 वैरायटी 15 जुलाई को बोई थीं। यह वैरायटी स्वाद में मीठी लगती है। फसल तैयार हुई तो एचएयू 12 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मक्का को अपने मार्ट पर बेच भी रहा है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि विवि का उद्देश्य है कि लोगों को अधिक से अधिक मात्रा में ऑर्गेनिक फल व सब्जियां मिलें। इसलिए ऑर्गेनिक फार्म पर किसानों को भी इस प्रोजेक्ट में जोड़ा है, ताकि वह भी सीखें।


एचएयू में तैयार भुट्टा। • जागरण

## ड्रिप सिस्टम से दिया पानी

मक्का के फसल में कई वैरायटी होती हैं। अक्सर इसमें अधिक पानी और पानी की निकासी का भी अधिक ध्यान रखना पड़ता है। इसके लिए विवि में ड्रिप सिंचाई सिस्टम का प्रयोग किया।

**डेढ़ एकड़ में प्रयोग के लिए लगाया था मक्का:** एचएयू ने पंडित दीनदयाल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग की शुरुआत की है, जिसमें प्रयोग के तौर पर केला, मक्का, अमरूद, किन्नू आदि फलों को लगाया है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य है ऑर्गेनिक फार्मिंग के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों में उगने वाले फल व सब्जियों को हिसार में उगाया जाए।

यह प्रयोग सफल हुआ तो शहर वासियों को ऑर्गेनिक फल व सब्जियां यूनिवर्सिटी से ही मिलने लगेंगी। मौजूदा समय में मक्का को डेढ़ एकड़ में लगाया गया था, जो कि अब फसल तैयार हो गई है तो उत्पाद काफी अच्छा मिला है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 10: 10: 2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 8

# हकृवि में फसलों की समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यशाला 10 से

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्ता भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......पंजाब केसरी......
दिनांक 10.10.2019 पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1....

# हकृवि में 2 दिवसीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आज से

हिसार, 9 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अक्तूबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस 2 दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्त्ता भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डा. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न फसलों पर चर्चा होगी।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......हरि: भूमि......
दिनांक 10. 10. 2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 1-2

## हकृवि में दो दिवसीय प्रदेशस्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आज से

- रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को दिया जाएगा अंतिम रूप

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी तथा विस्तार कार्यकर्ता भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि विवि कुलपति प्रो. के.पी. सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें विभिन्न फसलों पर चर्चा होगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........अमर उजाला, दैनिक जागरण
दिनांक 10.10.2019 पृष्ठ सं. 1, 17 कॉलम 6.7, 6

# एचएयू में दो दिवसीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आज से

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 10-11 अक्तूबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय की तरफ से आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्ता भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों और सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी।

# हकृवि में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आज

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्ता भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. आरएस हुड्डा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। डा. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों और सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........मिलय शक्ति टाइम्स........
दिनांक....9.10.2019.... पृष्ठ सं.....3..... कॉलम.....1-2.....

# हकृवि में कृषि अधिकारी कार्यशाला कल से

हिसार, 9 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अक्तूबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्त्ता भाग लेंगे।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें विभिन्न फसलों पर चर्चा होगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....
दिनांक..9. 10. 2019.... पृष्ठ सं......3...... कॉलम.....1-2...

# हकृवि में दो दिवसीय कृषि अधिकारी कार्यशाला 10 व 11 को

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10-11 अकुबर को राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे जिनमें विभिन्न फसलों पर चर्चा होगी।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.......नभ-छोर.......

दिनांक 9.10.2019 ....... पृष्ठ सं. 6 ....... कॉलम 1-3

# बेसिक साईंस कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा आरंभ



हिसार/09 अक्टूबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के शुरूआत पर स्वयं सेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अभियान का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजवीर सिंह कहा कि देशभर में चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय के अंदर व बाहर सफाई का पूरा ध्यान रखें व इस तरह के अभियानों में कर भाग लें। डॉ. डीएस दहिया ने विद्यार्थियों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अभियान में महाविद्यालय के स्टाफ ने भी हिस्सा लिया और सफाई अभियान के पवित्र यज्ञ में आहूति डालने का कार्य किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ सिटी पल्स ........
दिनांक...... 9-10-2019 ...... पृष्ठ सं. ..... 3 ..... कॉलम ..... 6-8

# एचएयू में चलाया स्वच्छता पखवाड़ा



हिसार। डॉ. राजवीर सिंह सफाई अभियान में भाग लेते हुए।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया जिसकी शुरूआत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता शपथ लेकर की। इस अभियान के अंतर्गत उनको स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. राजवीर सिंह कहा कि देशभर में चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय के अंदर व बाहर सफाई का पूरा ध्यान रखें व इस तरह के अभियानों में बढ़-चढ़कर कर भाग लें। डॉ. दहिया ने विद्यार्थियों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अभियान में महाविद्यालय के स्टाफ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सफाई अभियान के पवित्र यज्ञ में आहुति डालने का कार्य किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......निष्पक्ष टाइम्स.........
दिनांक...9. 10. 2019...... पृष्ठ सं......6...... कॉलम......1-2......

# स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी : राजबीर

हिसार, 9 अक्तूबर ( निस )। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया जिसकी शुरूआत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता शपथ लेकर की। इस अभियान के अंतर्गत उनको स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. राजवीर सिंह कहा कि देशभर में चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्‌वान किया कि वे महाविद्यालय के अंदर व बाहर सफाई का पूरा ध्यान रखें व इस तरह के अभियानों में बढ़-चढ़कर कर भाग लें।

डॉ. डीएस दहिया ने विद्यार्थियों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अभियान में महाविद्यालय के स्टाफ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सफाई अभियान के पवित्र यज्ञ में आहूति डालने का कार्य किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अजीत समाचार
दिनांक 10. 10. 2019 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1-2

# स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी : राजबीर

## मौलिक विज्ञान व मानविकी महाविद्यालय ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

हिसार, 9 अक्तूबर (राज पराशर) : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया जिसकी शुरूआत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता शपथ लेकर की। इस अभियान के अंतर्गत उनको स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का आयोजन मौलिक विज्ञान और मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. राजवीर सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डा. डी एस दहिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डा. राजवीर सिंह कहा कि देशभर में चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम युवाओं के सहयोग के बिना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय के अंदर व बाहर सफाई का पूरा ध्यान रखें व इस तरह के अभियानों में बढ़-चढ़कर कर भाग लें। डा. डीएस दहिया ने विद्यार्थियों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अभियान में महाविद्यालय के स्टाफ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सफाई अभियान के पवित्र यज्ञ में आहुति डालने का कार्य किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ: छोर........
दिनांक 9: 10: 2019......... पृष्ठ सं......6......... कॉलम...1-3......

# हकृवि में दो दिवसीय कृषि अधिकारी कार्यशाला कल से

हिसार/09 अक्टूबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कल से राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित कराई जाने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी व विस्तार कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. आरएस हुड्डा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति प्रो. केपी सिंह कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वैज्ञानिक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी फसलों में आई समस्याओं के समाधान पर भी विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. हुड्डा के अनुसार इस अवसर पर कृषि अधिकारियों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म का दौरा करवाकर उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किये जा रहे परीक्षणों एवं अनुसंधानों की जानकारी दी जाएगी।